ओएनजीसी
ONGC

# ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड

ग्रीन हिल्स, तेल भवन, देहरादून-248 003

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



विज्ञापन सं. 4/2015 (आरएण्डपी)

# विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) – जून 2015 के माध्यम से राजभाषा अधिकारियों की भर्ती

**ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी), सार्वजनिक क्षेत्र का एक महारत्न उद्यम है और भारत तथा विदेश में तेल एवं गैस के अन्वेषण तथा उत्पादन में नियोजित भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी है। ऊर्जा के क्षेत्र में पूरे विश्व में कार्यरत ओएनजीसी देश के घरेलू तेल एवं गैस उत्पादन में लगभग 65 प्रतिशत का योगदान देती है। वर्तमान में, ओएनजीसी अपनी सहायक कंपनी ओएनजीसी विदेश के माध्यम से 17 देशों में 10 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक विदेशी पूँजी निवेश सहित भारत का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय कॉरपोरेट है।**

ओएनजीसी जो कुल पारिश्रमिक देती है कम्पनी की लागत (सीटीसी) के दृष्टिकोण से, देश की सर्वश्रेष्ठ पारिश्रमिकों में से एक है। पेशाकुशल प्रबंधन के साथ विकास उन्मुख इस संगठन में प्रतिभा के आधार पर पदोन्नति के भी पर्याप्त अवसर हैं।

ओएनजीसी उज्जवल शैक्षणिक रिकार्ड वाले होनहार एवं कर्मठ युवा उम्मीदवारों को **राजभाषा अधिकारी शाखा में श्रेणी ई–1** के रूप में संगठन में शामिल करने को इच्छुक है।

चुने गये प्रतिभागियों को **₹24,900–50,500/–** वेतनमान तथा 3% वार्षिक वृद्धि पर नियुक्त किया जायेगा। कर्मचारी को सुरक्षा योजना से संबंधित कंपनी नियमों के अनुसार मूल वेतन के अतिरिक्त कैफेटेरिया प्रस्ताव के अन्तर्गत मूल वेतन का 47%, मँहगाई भत्ता, एच.आर.ए./कम्पनी आवास, खनन भत्ता, अंशदाई भविष्य निधि, वाहन अनुरक्षण भत्ता, पर्याप्त कार्य प्रदर्शन सम्बन्धित भुगतान (पी.आर.पी.) भत्तों तथा दूसरी सुविधाओं जैसे स्वंय तथा अपने आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा, उपदान (ग्रेच्यूटी), सेवानिवृत्ति उपरान्त लाभ योजना तथा समग्र सामाजिक सुरक्षा योजना का जो कि पात्र होगा।

## 1. पदों का विवरण

| क्र. सं. | पदनाम तथा स्तर | पदों की संख्या | | | | | पी.डब्ल्यू.डी. हेतु निर्धारित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल | |
| 1. | राजभाषा अधिकारी–ई1 स्तर पर | 9 | 3 | 1 | 0 | 13* | ओए, ओएल, बीएल, बी.एलवी, एचएच |

**पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षण:** *वीएच (एलवी (लो विजन), बी (अंधा) के लिए दो पद आरक्षित

**संक्षिप्त नाम के प्रयोग:** बी= अंधा, एलवी= लो विजन, ओए = एक बाजू, ओएल = एक टांग, बीएल = दोनों टांगें, वीएच= दृष्टि विक्लांग, एचएच= बधिर, ओएच= अस्थि विक्लांग।

## 2. न्यूनतम योग्यता मानदंड

| अभ्यार्थियों की श्रेणी | 01.01.2015 को अधिकतम आयु सीमा | आवश्यक योग्यता |
|---|---|---|
| सामान्य, एसटी | 30 वर्ष | "न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ हिन्दी में स्नातोकोत्तर। स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अग्रेंजी होना अनिवार्य। अग्रेंजी में अनुवाद कार्य के अनुभव को वरीयता।" सभी श्रेणियों के लिए। |
| एससी | 35 वर्ष | |
| ओबीसी | 33 वर्ष | |
| शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | 40 वर्ष (ओबीसी के लिए 3 वर्ष तथा एससी के लिए 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट) | |
| विभागीय अभ्यर्थी | ओएनजीसी में उनकी सेवा देने की सीमा तक | |
| पूर्व–कर्मचारी (सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी) | 35 वर्ष (अधिसूचना सं. 39016/10/79–स्थापना (सी) दिनांक 15.12.1979, 36034/1/2006–स्थापना (रज़ि) दिनांक 04.10.2012, ओएम. 36034/2/2013–स्थापना (रज़ि) दिनांक 08.04.2013) | |

**टिप्पणी :**

अ. संस्थानों/विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित पूर्णकालिक पाठ्यक्रम केन्द्र सरकार के अर्न्तगत आने वाले पदों तथा सेवाओं में रोजगार हेतु आपेक्षित संविधानिक निकायों जैसे भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ए.आई.यू.)/यू.जी. सी./ए. आई.सी.टी.ई. आदि से अनुमोदित/मान्यता प्राप्त होने चाहिए। प्रतिभागी जिन्होंने अपनी योग्यता दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम/अंशकालिक माध्यमों द्वारा प्राप्त की हैं, भी आवेदन करने योग्य हैं बशर्ते उनकी योग्यता केन्द्रीय सरकार के पदों के रोजगार तथा सेवा हेतु अनिवार्य वैधानिक निकायों द्वारा मान्य हों।

ब. जहां कहीं भी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए या लेटर ग्रेड प्रदान की गई है, वहाँ अंकों का समान प्रतिशत आवेदन पत्र में दर्शाया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय/संस्था के नियमों के अनुसार अर्हता डिग्री अंकों के प्रतिशत की गणना विश्वविद्यालय/संस्था के नियमों के अनुसार होगी। कृपया विश्वविद्यालय/संस्था से इस प्रभाव के लिए साक्षात्कार के समय जमा करने के लिए एक प्रमाणपत्र भी प्राप्त करें।

स. अर्हता पाठ्यक्रम के अन्तिम सेमेस्टर के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, उनको साक्षात्कार की तिथि को न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ अंक पत्र तथा पाठ्यक्रम पूर्ण करने का प्रमाणपत्र देने में सक्षम अवश्य होना चाहिए।

.द. यूजीसी–नेट के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार, कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति (जेआरएफ) के लिए अधिकतम अनुमत आयु नियत 28 वर्ष (**01.06.2015** को) है, जबकि सहायक प्रोफेसरी के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है। ओएनजीसी में, राजभाषा अधिकारी की इस भर्ती के लिए अधिकतम अनुमत आयु उपरोक्त पैरा 2 के अनुसार रखी गई है। उपरोक्त दृष्टिकोण के अनुसार **01.06.2015** को 28 वर्ष से अधिक आयु वाले अभ्यर्थियों को यूजीसी–नेट आवेदन भरते समय 'सहायक प्रोफेसर' के लिए अवश्य आवेदन करना चाहिए।

य. ओबीसी श्रेणी के अन्तर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए जाति तथा समुदाय का नाम राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी), भारत सरकार की वेबसाइट **www.ncbc.nic.in** पर उपलब्ध **'अन्य पिछड़े वर्गों की केन्द्रीय सूची'** में अवश्य होना चाहिए। अभ्यर्थी क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं होना चाहिए। ओबीसी के रूप में आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय भारत सरकार के अन्तर्गत पदों की नियुक्ति के आशय वाले ही निर्धारित प्रारूप में अभ्यर्थी की जाति, अधिनियम/आदेश जिसके अन्तर्गत जाति को ओबीसी के रूप में मान्यता दी गई है, और जिस गाँव/कस्बे का अभ्यर्थी साधारणतया निवासी है को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए नामित अधिकारी से जाति प्रमाणपत्र जमा करना होगा।

र. सरकारी उपक्रमों में रोजगार के लिए ओबीसी/एससी के लिए जाति प्रमाणपत्र का निर्धारित प्रारूप **www.ongcindia.com** से डाउनलोड किया जा सकता है।

ल. ओबीसी अभ्यर्थियों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके पास नामित अधिकारी द्वारा समय समय पर जारी किया गया गैर–क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र हो। प्रमाणपत्र में जाति के नाम के किसी प्रकार की विभिन्नता स्वीकार्य नहीं होगी।

व. एससी के लिए छूट लेने वाले उम्मीदवारों को अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार के पदों पर नियुक्ती के लिए निर्धारित प्रारूप में ही जाती प्रमाण पत्र देने होंगे जिसमें उम्मीदवार की जाति को एससी घोषित करने वाले कानून/आदेश और गांव/शहर जहां उम्मीदवार मूलतः रहता है का स्पष्ट उल्लेख होगा।

स. एसटी के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है, हालाँकि, एसटी श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## 3. चयन प्रक्रियाः

3.1 उपरोक्त पैरा 2 के अनुसार ओएनजीसी की आयु तथा न्यूनतम योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को **जून 2015** में आयोजित **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी–नेट)** की हिन्दी विषय (विषय कोड 20) परीक्षा देना आवश्यक होगा।

3.2 अभ्यर्थियों को जून 2015 की यूजीसी–नेट परीक्षा में हिन्दी विषय (विषय कोड 20) यूजीसी–नेट द्वारा निर्धारित कट–ऑफ अंकों के अनुसार **आवश्यक रूप से अर्हता प्राप्त करनी होगी।** इस विज्ञापन के तहत की जी जा रही इस भर्ती के लिए केवल **जून 2015 की यूजीसी–नेट परीक्षा** के अंक ही मान्य होगें। किसी पूर्व यूजीसी–नेट परीक्षा के अंक मान्य नहीं हैं।

3.3 उपरोक्त के अनुसार यूजीसी–नेट द्वारा अर्ह घोषित अभ्यर्थियों का ही चयन ओएनजीसी प्रबंधन द्वारा निश्चित किए गए मानदंडों के अनुसार आगे की चयन प्रक्रिया के लिए किया जाएगा, यदि वे आयु अर्हता आदि के संबंध में योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं।

3.4 अन्तिम चयन अभ्यर्थियों द्वारा यूजीसी–नेट परीक्षा में प्राप्त किए अंकों, शैक्षिक अर्हता (अतिरिक्त समान उच्चतर अर्हता सहित) तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा।

3.5 विभागीय उम्मीदवारों को चयन के विषय में प्रथम विचारण दिया जाएगा, जबकि अन्य चीजें, जैसे, अर्हता, योग्यता तथा चयन मानदण्ड आदि समान रहेंगे।

## 4. आवेदन कैसे करें:

4.1 आवेदन **दो चरणों में होगी** i) जून 2015 में आयोजित होने वाली **यूजीसी–नेट परीक्षा** के लिए ऑन–लाइन पंजीकरण ii) **यूजीसी–नेट पंजीकरण/अनुक्रमांक** के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन जो कि **www.ongcindia.com** पर उपलब्ध है।

4.2 अभ्यर्थियों को पहले यूजीसी–नेट परीक्षा के लिए अपने आवेदन ऑन–लाइन जमा करने आवश्यक हैं। अनुगामी चरण परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका में नियत हैं।

**4.3 यूजीसी–नेट परीक्षा की विस्तृत जानकारी ऑनलाइन आवेदन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी http://cbsenet.nic.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।**

**4.4 जून 2015 की परीक्षा के लिए यूजीसी–नेट की ऑन–लाइन एप्लीकेशन साइट 15 मई 2015 तक खुली रहेगी।**

**4.5 आवेदन की ऑन–लाइन प्रक्रिया पूरी होने पर अभ्यर्थी को आवेदन पत्र, (कन्फरमेशन स्लिप)/ प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट लेना आवश्यक होगा। इन प्रपत्रों पर अभ्यर्थी का यूजीसी–नेट पंजीकरण/अनुक्रमांक भी होगें। अभ्यर्थियों को ये प्रपत्र सावधानीपूर्वक रखने चाहिए।**

4.6 अभ्यर्थी यूजीसी–नेट परीक्षा का फार्म भरने के बाद ओएनजीसी के आवेदन प्रारूप में आवेदन करेंगे। आवेदन प्रारूप ओएनजीसी की वेबसाइट **www.ongcindia.com** से उपयुक्त लिंक के साथ डाउनलोड किये जा सकते हैं।

4.7 आवेदक का फोटोग्राफ ओएनजीसी के आवेदन पत्र में स्वप्रमाणन के साथ उचित जगह पर चिपका होना चाहिए। फोटोग्राफ यूजीसी–नेट आवेदन में अपलोड किए गए के समान अवश्य होना चाहिए। अभ्यर्थियों को **समान विन्यास में समान नाम** अंकित करना अनिवार्य है जैसाकि उन्होंने यूजीसी–नेट में आवेदन करते समय अंकित किया था। उदाहरण के लिए, यदि अभ्यर्थी ने अपना नाम ऑन–लाइन यूजीसी–नेट आवेदन में प्रवीण कुमार सिंह दर्ज किया था तो उसे ओएनजीसी आवेदन प्रारूप में आवेदन करते समय प्रवीण कुमार सिंह (बिल्कुल समान स्पेलिंग) ही दर्ज करना होगा। उसे पी के सिंह नहीं लिखना चाहिए।

4.8 स्क्रिनिंग व चयन अभ्यर्थी द्वारा प्रदान किए गए विवरण के आधार पर किया जाएगा; अतः यह आवश्यक है कि आवेदक एकदम सही, पूर्ण तथा उचित सूचना प्रदान करे। गलत/झूठी सूचना देना एक अपात्रता होगी।

4.9 यूजीसी आवेदन पत्र (कन्फरमेशन स्लिप)/यूजीसी प्रवेश पत्र जिसमे रजिस्ट्रेशन न०/रोल न० दिया हो की प्रति, जन्म तिथि (10वीं का अंकपत्र/प्रमाणपत्र) को दर्शाते प्रमाणपत्रों अग्रेंजी एक प्रमुख विषय के रूप में दर्शाता स्नातक का अंक पत्र के अंक पत्र तथा प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र (जहां लागू है) की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपियां आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। हिन्दी में स्नातकोत्तर के अन्तिम वर्ष की परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन उन्हें साक्षात्कार के समय स्नातकोत्तर में हिन्दी अर्हता में 60 प्रतिशत न्यूनतम अंकों के साथ अंकपत्र तथा प्रमाणपत्र देना होगा।

अपूर्ण आवेदन या बिना आवश्यक अनुलग्नक के आवेदन को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

**4.10 अभ्यर्थियों को अपने ओएनजीसी का आवेदन डाक द्वारा उप महाप्रबंधक (आईई)–भर्ती, ओएनजीसी, ग्रीन हिल्स, भू तल, 'बी' विंग, तेल भवन, देहरादून–248003 को 28.06.2015 तक या उससे पहले भेजना आवश्यक है।**

4.11 पद का नाम लिफाफे के शीर्ष केंद्र पर लिखा होना चाहिए, अर्थात्, **"विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–राष्ट्रीय पात्रता जांच (यूजीसी–नेट) परीक्षा, विज्ञापन सं. 4/2015 (आरएण्डपी) के माध्यम से राजभाषा अधिकारियों के लिए आवेदन।"**

## 5. महत्वपूर्ण तिथियां:

**यूजीसी–नेट जून 2015 के लिए**

| | | |
|---|---|---|
| अ. | ऑनलाइन आवेदन फार्म जमा करने की आरम्भ तिथि | **16.04.2015** |
| ब. | ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि | **15.05.2015** |
| स. | किसी भी शाखा (सिंडिकेट/केनरा/आईसीआईसीआई बैंक) में ऑनलाइन उत्पन्न बैंक चालान के माध्यम से या क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **16.05.2015** |
| द. | परीक्षा तिथि | **28.06.2015** |

**ओएनजीसी के लिए**

| | | |
|---|---|---|
| अ. | डाक के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की आरम्भ तिथि | **29.04.2015** |
| ब. | डाक के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | **28.06.2015** |

## 6. सामान्य निर्देश:

6.1 अभ्यर्थियों को यूजीसी–नेट परीक्षा के लिए विस्तृत निर्देशों तथा ओएनजीसी के विस्तृत विज्ञापन को बहुत सावधानीपूर्वक पढ़ने की सलाह दी जाती है। कुछ मानदंडों, जैसे, अधिकतम आयु के लिए कट–ऑफ तिथि, ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु में दी गई छूट आदि के यूजीसी–नेट और ओएनजीसी के मानदंड भिन्न हैं। ओएनजीसी में कैरियर के लिए अभ्यर्थियों की योग्यता, ओएनजीसी के योग्यता मानदंड के अधीन होगी।

6.2 किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी करने का यह अर्थ नही कि उसकी उम्मीदवारी ओएनजीसी ने स्वीकार कर ली है। यह उम्मीदवारी तात्कालिक है और ओएनजीसी अभ्यर्थी के साक्षात्कार में सफल होने के बाद ही उसके मूल दस्तावेजो का सापेक्ष योग्यता मानकों का सत्यापन करेगी।

6.3 अभ्यर्थी की उम्मीदवारी नियुक्ति के किसी चरण या नियुक्ति के बाद या सेवा आरम्भ करने के बाद भी अस्वीकृति की जा सकती है यदि अभ्यर्थी गलत पाया गया या विज्ञापन में उल्लखित योग्यता मानको के अनुरुप नही पाया गया।

6.4 चुने गए अभ्यर्थियों की नियुक्ति कम्पनी की चिकित्सा परीक्षा में उनकी सफलता पर निर्भर करेगी जिसके मानदंण्ड ओएनजीसी के कार्मिक चिकित्सा परीक्षण के नियम, 1996 के तहत रखे गए है। नियमों का विवरण ओएनजीसी की वेबसाइट **www.ongcindia.com** पर उपलब्ध है।

6.5 अभ्यर्थी **www.ongcindia.com** पर **"बहुधा पूछे गए सवाल (एफएक्यू)"** देख सकते हैं।

6.6 चयनित अभ्यर्थी भारत या विदेश कहीं पर भी पदस्थापित किए जा सकते हैं।

6.7 नियत तिथि, अर्थात्, **28.06.2015** के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर न ही विचार किया जाएगा न ही वापस किया जाएगा। ओएनजीसी किसी भी डाक संबंधी देरी या हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

6.8 पीएसयू तथा सरकारी विभागों में कार्यरत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र देना आवश्यक होगा।

6.9 किसी विवाद का निपटान नई दिल्ली की अदालत के अधिकार क्षेत्र में होगा।

6.10 कम्पनी के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप हमारी वेबसाइट **www.ongcindia.com** देखें।

उप महाप्रबंधक (आईई) – भर्ती
**ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड, तेल भवन, देहरादून**

'ओएनजीसी किसी भी प्रकार की छपाई त्रुटि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा, यदि कोई हो'